NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-300, पृष्ठ : 12 | रविवार, 10 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# तमिलनाडु में थलपति की 'विजय' शपथ

## राज्य के 9वें मुख्यमंत्री बने विजय

## पहला ऑर्डर 200 यूनिट फ्री बिजली

"मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।



**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कड़गम चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। थलापित विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और कहा कि वही पढ़ें जो लिखकर दिया है।

सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है।

ये सभी विजय की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। सहयोगी दलों के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं। मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद विजय पहली बार

### 9 और विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ, एक महिला शामिल

सचिवालय पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया।

**विजय की स्पीच 6 पॉइंट्स मे**

राज्य के वित्त पर एक श्वेत पत्र जारी करेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और हम आगे बढ़ सकें।

हमें काम करके दिखाने के लिए उचित समय दें।

ड्रग्स के खिलाफ सख्त एक्शन होगा। लोगों का एक भी पैसा नहीं छुआ जाएगा।

विजय के अलावा सत्ता का कोई और केंद्र नहीं होगा; सत्ता का एकमात्र केंद्र विजय ही होंगे।

नई शासन व्यवस्था की शुरूआत हो रही है; अब असली, धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के एक नए युग की शुरूआत हो रही है।

सीएम विजय ने कांग्रेस, वीसीके और वामपंथी दलों को उनकी पार्टी को सरकार बनाने में समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया।

## हिमंता बिस्वा सरमा सर्वसम्मति से चुने गए विधायक दल के नेता



**दिसपुर।** असम में बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगा दी है। डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को सर्वसम्मति से बीजेपी विधायक दल और एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। हिमंता बिस्वा सरमा 12 मई को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

बीजेपी ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पर्यवेक्षक बनाया था। इसके लिए असम बीजेपी विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें औपचारिक रूप से नेता का चुनाव किया गया। हिमंता बिस्वा सरमा ने 6 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। फिलहाल, वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अब नई सरकार के गठन के साथ वह लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 82 सीटें जीतकर अपनी ताकत साबित की है।

## योगी सरकार में आज 6 नए मंत्री होंगे शामिल



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर अब विराम लगने जा रहा है। आज होने वाले विस्तार में छह मंत्री शपथ ले सकते हैं। माना जा रहा है कि 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच यह विस्तार राजनीतिक संदेश देने वाला है। भाजपा नेतृत्व इस विस्तार के जरिये पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक ओबीसी, दलित और ब्राह्मण वोट बैंक को साधने की रणनीति पर काम कर रहा है। जिन नामों की सबसे अधिक चर्चा है, उनमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा से भाजपा में आए मनोज पांडेय, बसपा पृष्ठभूमि की पूजा पाल, अलीगढ़ की खैर सीट से विधायक सुरेंद्र दिलेर और दलित चेहरे के तौर पर फतेहपुर के खागा सीट से विधायक कृष्णा पासवान शामिल हैं।



### हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

# डिवाइडर से टकराया कैंटर, दो महिलाओं और आठ माह के मासूम की मौत

**हापुड़।** जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में आठ माह के मासूम और दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में रविवार तड़के गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं और आठ माह के मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस के अनुसार, हादसा तड़के करीब तीन बजे गांव जखेड़ा रहमत के पास हुआ, जहां बरेली से लुधियाना जा रहा एक कैंटर अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कैंटर सवार दो महिलाओं और एक आठ माह के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया तथा मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

पुलिस की प्राथमिक जांच में चालक को झपकी आने अथवा तेज रफ्तार के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतकों की पहचान और परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया जारी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान हरदोई के मांझ गांव निवासी अभिषेक की पत्नी श्रीदेवी (28) और उनके 8 माह के बेटे अभिजीत के रूप में हुई है। तीसरी मृतक बरेली के फतेहगंज पूर्वी स्थित सकतीया सिंगवाली गांव निवासी लालाराम की पत्नी सावित्री देवी (32) हैं। हादसे में लालाराम और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है, घायलों का उपचार जारी है।

## नेलांग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर की मांगः संतों ने लिया संकल्प




**गंगोत्री।** नेलांग घाटी से कैलाश मानसरोवर के पौराणिक मार्ग को खुलवाने के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों व गंगोत्री धाम के साधु संतो व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने कैलाश मुक्त यात्रा के तहत संकल्प लिया। समुद्रतल से करीब साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर शिव-पार्वती चोटी की तलहटी में नेलांग में गंगा पूजन संकल्प के साथ नेलांग-कैलाश मानसरोवर मार्ग को खुलवाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को सौंपकर नेलांगग-जादूंग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर बनाने की मांग की जाएगी।

शनिवार को पहली बार शुरू की गई कैलाश मुक्त यात्रा के तहत साधु समाज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक और गंगोत्री दर्शन के बाद भारत-चीन सीमा पर बसे नेलांग पहुंचे। यहां पर शिव-पार्वती चोटी के तलहटी में बसे लाल देवता परिसर में विशेष पूजा अर्चना कर कैलाश मुक्त का संकल्प लिया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रही साध्वी रेणुका गुरु मां ने कहा कि पौराणिक काल में कैलाश मानसरोवर के दर्शन के लिए साधु संत गंगोत्री से नेलांग होते हुए जादूंग और अंतिम सीमा पर स्थित झेलूखागा मार्ग से तिब्बत जाने के लिए प्रयोग करते थे।

गंगोत्री से पशुपतिनाथ मंदिर जाने वाला जल इसी मार्ग से जाता था। लेकिन तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद यह मार्ग बंद कर दिया गया। कैलाश मानसरोवर जाने के लिए अन्य मार्गों की अपेक्षा यह मार्ग सुगम है। क्योंकि इस मार्ग का प्रयोग भारत-तिब्बत व्यापार के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंगा मां के सानिध्य में इस अभियान का शुभारंभ हो चुका है। इसे तब तक जारी रखा जाएगा, जब तक नेलांग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर की मांग पूरी नहीं होती। कहा कि गंगा पूजन के साथ लिए गए संकल्प के साथ आज इस संबंध में करीब 100 साधु संतो और आरएसएस के लोगों ने प्रस्ताव पारित किया गया है। इस विषय पर गृह मंत्री अमित शाह से वार्ता चल रही है।

## लखनऊ में अपने घर के बाहर खड़े भाजयुमो नेता पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता के ऊपर एक युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग की है, जिसमें भाजयुमो नेता गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना को अंजाम देकर युवक मौके से फरार हो गया।

लखनऊ में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता को शनिवार रात घर के बाहर गोली मार दी गई। 35 साल के चेतन तिवारी भाजपा युवा मोर्चा के महानगर कार्यसमिति के सदस्य हैं। पुलिस के मुताबिक, चेतन अपने घर के बाहर थे, जब एक युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। चेतन की पीठ पर दो गोलियां लगी हैं और वो ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि चेतन तिवारी अपने घर के बाहर खड़े होते हैं। अचानक एक लड़का उनके पास आता है और उन पर फायर कर देता है। फायरिंग के बाद चेतन जमीन पर गिर पड़ते हैं। इसके बाद लड़का, चेतन के ऊपर फिर से फायरिंग करता है और जब मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगती है तो लड़का भाग खड़ा होता है। अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं सुप्रिया सुले, एक्सीडेंट के बाद लिखा- 'खौफनाक अनुभव'



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की नेता और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। यह हादसा उस समय हुआ जब वह पुणे से मुंबई की ओर जा रही थीं। सुप्रिया सुले ने उस वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर भी शेयर किया है, जिसने उनकी कार को टक्कर मारी।

दरअसल, सुप्रिया सुले मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सफर कर रही थीं, तभी एक अन्य वाहन ने अचानक उनकी कार को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, आज पुणे से मुंबई जाते समय हाईवे पर मेरा एक भयानक अनुभव हुआ, जब वाहन ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मेरी कार को बगल से टक्कर मार दी। शुक्र है, सभी लोग सुरक्षित हैं। ऐसी घटनाएं हमें याद दिलाती हैं कि सड़कों पर तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाना अनगिनत जिंदगियों को खतरे में डाल सकता है। मैं सभी से आग्रह करती हूं कि सीट बेल्ट पहनें, सतर्क रहें और जिम्मेदारी से गाड़ी चलाएं, ताकि हमारे हाईवे सभी के लिए सुरक्षित रहे।

## यमुनोत्री मार्ग पर हार्ट अटैक से श्रद्धालु की मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम यात्रा के दौरान शनिवार को तमिलनाडु निवासी 82 वर्षीय श्रद्धालु शम्भू केवल की पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया गया कि दर्शन कर लौटते समय उन्हें घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों और यात्रा ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## फिर भड़की जंग! अमेरिका ने ईरान के दो टैंकरों पर किया हमला

**दुबई, संयुक्त अरब अमीरात।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिकी सेना ने दो ईरानी तेल टैंकरों पर हमला कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक इस इलाके में रात भर दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई थी जिसके बाद ये खबर निकलकर सामने आई। उधर, संयुक्त अरब अमीरात का कहना है कि उसके ऊपर ईरानी मिसाइल और ड्रोन से हमला किय गया। इन ताजा घटनाक्रमों से एक बार फिर मिडिल ईस्ट में युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं।

अमेरिका सैन्य अधिकारियों की मानें तो ईरान के ये टैंकर अमेरिकी ब्लॉकेड को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। अमेरिकी सेना ने बताया कि उसने दो ईरानी टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया है, जो ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इससे कुछ घंटे पहले, सेना ने बताया था कि उसने नौसेना के तीन जहाजों पर होने वाले हमलों को विफल कर दिया और होर्मुज में स्थित ईरानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमला किया।

## दिल्ली में लू, 13 राज्यों में आंधी के साथ बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देशभर के मौसम में इन दिनों उलटफेर देखने को मिल रहे हैं। एक ओर जहां भीषण गर्मी का प्रकोप है, तो दूसरी तरफ तूफानी बारिश की चेतावनी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 10 मई के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड समेत देश के 13 राज्यों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

देश की राजधानी दिल्ली में आज 10 मई को लू चलने के कारण भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा, जहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।



उत्तर प्रदेश कई कई जिलों में उमस बढ़ने के बाद बारिश की संभावनी जताई गई है। यूपी में 12 से 14 मई के बीच बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।

बिहार में मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने 10 से 15 मई के बीच राज्य के कई हिस्से में बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। बिहार के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, पटना, गया, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्णिया, सहरसा, कटिहार, किशनगंज और खगड़िया में बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है।

पंजाब में भी 10 से 14 मई के बीच बारिश-आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के होशियारपुर, लुधियाना, पठानकोट, कपूरथला, अमृतसर, बठिंडा, मोगा, तरन तारन, मुक्तसर और जालंधर में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में आज हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। जबकि 11 से 14 मई के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश, बर्फबारी और तेज हवाओं का नया दौर शुरू हो सकता है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# एंबुलेंस की टक्कर से उड़े ऑटो के परखच्चे, पिता-पुत्र की मौत

एनएनआई

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के बिचपुरी में रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो सवार पिता-पुत्र समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पुलिस चौकी बिचपुरी के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ, जहां तेज रफ्तार एंबुलेंस और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

बताया गया है कि सभी लोग एक ही परिवार के थे और दिल्ली से सदरवन गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। हादसे के समय परिवार के पांच सदस्य ऑटो से जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एंबुलेंस ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेज दिया घटना की सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई।



पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जबकि तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मथुरा में पुलिस मुठभेड़

# तार चोर गिरोह के तीन बदमाश दबोचे, एक घायल



एनएनआई

**मथुरा।** जैंत पुलिस, सर्विलांस और रिवार्डिड टीम ने संयुक्त कार्रवाई में रविवार तड़के मुठभेड़ के दौरान तार चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को दबोच लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दो साथी मौके से गिरफ्तार कर लिए गए।

बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचे, छह कारतूस, चोरी किया गया 10 बंडल लाइट का तार, 7300 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। इस पर आगरा-दिल्ली सर्विस रोड पर प्रकाश ढाबा के बराबर औद्योगिक क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना जैंत में दर्ज तार चोरी के मुकदमों से जुड़े बदमाश छटीकरा के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में फिर वारदात की फिराक में हैं। इस पर आगरा-दिल्ली सर्विस रोड पर प्रकाश ढाबा के बराबर औद्योगिक क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। मुठभेड़ में हरवीर निवासी सिलावट धौलपुर के बाएं पैर में गोली लगी। वहीं गोपाल निवासी थारपुरा और सुग्रीव सिंह निवासी गढ़ी करीलपुर धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल हरवीर को उपचार के लिए संयुक्त अस्पताल वृंदावन भेजा गया है। तीनों आरोपियों पर जैंत थाने में तार चोरी के मुकदमे दर्ज हैं इनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी पुलिस जांच कर रही है।

# तीमारदार पर डॉक्टरों से अभद्रता, धक्का-मुक्की का आरोप

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** सरकारी ट्रॉमा सेंटर में शनिवार देर रात इलाज को लेकर हंगामा हो गया। एक तीमारदार युवक पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों से अभद्रता, गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। चिकित्सकों का आरोप है कि युवक शराब के नशे में था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, राहुल कश्यप नामक युवक अपने एक मरीज को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर लाया था। आरोप है कि उपचार को लेकर उसकी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवक ने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और डॉक्टरों से तीखी बहस की। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों व तीमारदारों की भीड़ जमा हो गई।



डॉक्टरों का आरोप है कि युवक शराब के नशे में था। उसने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब डॉक्टरों ने इसका विरोध किया, तो उसने उनके साथ धक्का-मुक्की की, गाली-गलौज की और "देख लेने" की धमकी दी। अस्पताल स्टाफ ने स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा बढ़ता गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाकर माहौल शांत कराया। ड्यूटी डॉक्टर ने संबंधित युवक के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है और अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



# मथुरा के बलदेव में रेडीमेड गारमेंट्स दुकान में आग

**मथुरा** एनएनआई। बलदेव स्थित रीढ़ा मोहल्ला में 9 मई की रात करीब 8:30 बजे एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में आग लग गई। यह आग इनवर्टर की बैटरी फटने से लगी, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। यह दुकान योगेश की है, जो मेदुआ, बलदेव मथुरा के निवासी हैं। उन्होंने नगला जामुनी, अवैरनी निवासी रिंकू से किराए पर दुकान लेकर रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार करते हैं। आग लगने का कारण इनवर्टर बैटरी का फटना बताया जा रहा है, जिसके कारण जोरदार धमाका हुआ। सूचना मिलते ही बलदेव पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दुकानदार योगेश ने बताया कि वह दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर आकर देखा तो दुकान में रखा कई लाख रुपये का रेडीमेड गारमेंट्स का सामान पूरी तरह जल चुका था।

# टूंडला स्टेशन पर चलती ट्रेन के गेट पर बैठे तीन यात्री घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** चलती ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा कर रहे तीन यात्री घायल हो गए। टूंडला स्टेशन पर प्लेटफार्म से पैर रगड़ने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर आरपीएफ टूंडला ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

यह घटना हावड़ा से जोधपुर जा रही ट्रेन संख्या 22307 बीकानेर सुपरस्टार एक्सप्रेस में हुई। इस ट्रेन के जनरल कोच के गेट पर बैठकर यात्रा कर रहे पश्चिम बंगाल के सुंडीमा निवासी कुशमंडल पुत्र अशपति




मंडल और बिहार के गया निवासी नीरज पुत्र उपेंद्र दास के पैर प्लेटफार्म से रगड़ गए, जिससे वे घायल हो गए। इसी तरह, ट्रेन संख्या 12987 सियालदह एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे कौशांबी, इलाहाबाद निवासी नीरज कुमार पुत्र किशन लाल भी गेट पर बैठे थे। प्लेटफार्म से पैर टकराने के कारण वह भी चोटिल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ टूंडला की टीम मौके पर पहुंची। आरपीएफ टूंडला के कंपनी कमांडर अवधेश गोस्वामी ने बताया कि यात्रियों के गेट पर बैठकर यात्रा करने के दौरान उनके पैर प्लेटफार्म से रगड़ गए, जिससे वे घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दहाड़ा बुलडोजर, हटाया गया कब्जा

- फरियादियों से चक्कर-पे-चक्कर लगवाने वाला लेखपाल निलंबित
- मरघट, सड़क किनारे की सरकारी जमीन कराई अवैध कब्जा मुक्त

एनएनआई





**एत्मादपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की कार्यशैली का असर जमीन पर दिखाई देने लगा है। उनके तल्ख तेवरों से खाओ कमाओ की नीति पर चलने वाले राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बेपरवाही की सुस्ती दूर हो गई है। लेकिन विकास विभाग का फिर भी पुराना ढर्रा बरकरार है। तहसील में काफी समय से लंबित विभिन्न जनशिकायतों के निस्तारण में अचानक तेजी आ गई है। तहसील क्षेत्र में शनिवार को कई स्थानों पर इसका नजारा देखने को मिला। सुबह से शाम तक सरकारी जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराने को कार्रवाई का बुलडोजर दहाड़ा।

स्थानीय थाना क्षेत्र की हाइवे स्थित ग्राम पंचायत भागुपुर के धौर्रा रोड़ पर शनिवार को मरघट की जमीन को तहसील प्रशासन ने जेसीबी मशीन चलाकर अवैध कब्जा से मुक्त करा दिया। ग्राम पंचायत द्वारा उसकी सुरक्षा के लिए अब बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इधर थाना बरहन क्षेत्र के गांव नगला अमर सिंह में चमरौला रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क किनारे नवनिर्माण कर किए गए अवैध अतिक्रमणों को भी तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर साफ करा दिया। ग्राम पंचायत अगवार में एक पैतृक भूमि को लेकर सालों से चले आ रहे आपसी विवाद को भी तहसील प्रशासन ने चंद घंटों में सुलझा दिया। इसी बीच प्रभावी प्रशासनिक कार्रवाई के तौर पर जन समस्याओं का समाधान करने के बजाए पीड़ितों से लगातार चक्कर-पे-चक्कर लगवाने वाले यूसुफपुर के लेखपाल को तहसील स्तर पर कराई गई जांच के बाद निलंबित कर दिया गया है। जबकि समस्या समाधान में लापरवाही बरतने के आरोपी राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। फिलहाल चंद दिनों से नवागत जिलाधिकारी का खौफ साफ नजर आ रहा है। बीते शनिवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल पहली बार संपूर्ण समाधान में फरियादियों से रूबरू होने आए थे। इस दौरान फरियादियों ने उन्हें अपनी पीड़ा के साथ कदाचारी कर्मचारियों के किस्से भी सुनाए। जिलाधिकारी ने इस पर गंभीर रूख दिखाया है। नतीजतन सरकारी कार्यों को छोड़ गठजोड़ बनाकर भोले-भाले किसानों की जमीनों की कथित खरीद-फरोख्त कराकर मोटी कमाई का खेल खेलने वाले वेतनभोगियों में इस समय भय का माहौल है। बीते शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित पक्ष की समस्या का समाधान नहीं करने की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। तहसील स्तरीय जांच में राजस्व ग्राम यूसुफपुर में तैनात लेखपाल शिवराज सिंह और राजस्व निरीक्षक बच्चू सिंह की मनमानी और लापरवाही सामने आई। इस मामले में लेखपाल को निलंबित कर राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच अधिकारी ने संस्तुति की है। ग्राम हसनजहांपुर निवासी पीड़ित किसान लालसिंह ने दो मई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मामले की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि चकबंदी अधिकारी के पारित एक पुराने आदेश का अमलदरामद राजस्व मानचित्र (नक्शे) पर लेखपाल की ओर से जानबूझकर नहीं किया जा रहा है। चकबंदी कार्यालय की ओर से बार-बार बुलाए जाने और तहसील स्तर से दिए गए निर्देशों के बावजूद आरोपी लेखपाल उपस्थित नहीं हुआ। जबकि पीड़ित न्याय पाने को तहसील के लगातार चक्कर काट रहा था। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार स्तर से मामले की जांच कराई गई, तो सच्चाई सामने आ गई। प्रशासनिक जांच में पता चला कि लेखपाल को अक्टूबर 2025 से लिखित रूप में और निजी व्हाट्सएप के माध्यम से कई बार सूचित किया गया, लेकिन उसने हर बार आदेशों को अनसुना कर दिया गया। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करने की बजाए उससे चक्कर लगवाए जाने की शिकायत मिली। जांच आख्या के बाद लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है और लापरवाह राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

> चकबंदी अधिकारी के पारित अमलदरामदी आदेश को राजस्व मानचित्र (नक्शा ) में तरमीम (चढ़ना) होना था। लेखपाल ने इस अभिलेखीय प्रक्रिया को समय से पूर्ण कर दिया, लेकिन किसान ने देखा तक नहीं और मामले में अधिकारियों के समक्ष गलत शिकायत दर्ज करा दी।
>
> **बच्चू सिंह, राजस्व निरीक्षक तहसील एत्मादपुर**



## लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सघन चेकिंग

**आगरा एनएनआई।** अभियान के दौरान वाहनों की सघन जांच करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान हेतु ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। साथ ही पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति प्रेरित किया गया। एसीपी ट्रैफिक इमरान अहमद ने बताया कि समय ,समय पर ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों के लिए चेकिंग अभियान चलाया जाता रहेगा।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


## चाकू से गोद डाला शरीर, 10 फीट गहरे गड्ढे में दबी मिली लाश

एनएनआई

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव बाईंखेड़ा में लापता किसान अनीत उर्फ गणेशी (30) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। 36 घंटे तक पुलिस खेतों, जंगलों और रास्तों में उसकी तलाश करती रही। किसान का शव गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर नहर किनारे गंगाजल पाइपलाइन के नीचे करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में दबा मिला। मृतक के रिश्तेदार और पुलिस जैसे ही नहर किनारे पहुंची तो गंगाजल प्रोजेक्ट की निमार्णाधीन लाइन से बदबू आ रही थी। मक्खियां और कुत्तों को देखकर लोगों को शक हुआ था।

परिजन के मुताबिक गांव बाईंखेड़ा निवासी अनीत उर्फ गणेशी बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे घर से खेत पर सोने के लिए निकला था। शुक्रवार सुबह उसकी पत्नी पिंकी खेत पर मवेशियों को चारा डालने पहुंची तो वहां नहीं था। चारपाई से बिस्तर भी गायब था। उसने चारपाई हटाकर सफाई की तो नीचे खून फैला मिला। पास में खून से सने पत्थर पड़े थे।

करीब 200 मीटर दूर अनीत की बाइक मिली। इसकी जानकारी होते परिजन और गांव वाले सन्न रह गए। रास्ते में कई जगह खून के निशान भी पाए गए। पुलिस ने सर्विलांस टीम और खोजी कुत्ते की मदद ली। 36 घंटे तक पुलिस सिर्फ आशंकाओं में उलझी रही और ग्रामीण भी नहर और कुओं की तलाश कर रहे थे। इसी बीच मृतक के चचिया ससुर रुकमान यादव और शालिग्राम यादव ने बताया कि वह नहर के किनारे खड़े थे। तभी पुलिस आई गांव के बाहर गंगाजल पाइपलाइन के पास मक्खियां भिनभिनातीं दिखीं। कुत्तों का झुंड भी मंडरा रहा था। शक होने पर दोनों खुद मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटाकर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में बिस्तर में लिपटा गणेशी का शव मिला।



## बाजार में भिड़े छुट्टा साड़ों ने फैलाई दहशत

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर में छुट्टा गोवंशीय पशुओं का आंतक आम जनमानस के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे मुख्य बाजार में पुरानी कलारी के पास पीपल के नीचे निराश्रित छुट्टा गोवंशीय सांडों के अचानक आपस में भिड़ने पर सड़क पर आते-जाते राहगीरों और क्षेत्रीय दुकानदारों में भगदड़ मचने के साथ कुछ देर के लिए दहशत फैल गई। इस दौरान लड़ते हुए सांडों के रौंदने से मोहल्ला सतौली निवासी राजेंद्र सिंह कुशवाहा की पड़ाके (पानी पूरी) की ढकेल को पलट दिया। ढकेल स्वामी राजेन्द्र ने भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन उनकी ढकेल पर रखा हजारों रुपए का सामान तहस-नहस हो गया। चाऊमीन विक्रेता राकेश कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, चाय विक्रेता रामू राठौर और फल विक्रेता गांधी ने बताया कि बाजार में छुट्टा सांडों और बंदरों का भारी आतंक है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
रविवार, 10 मई, 2026


## ऑल सेंट्स स्कूल में शिक्षकों ने सीखे शिक्षण के आधुनिक गुर

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों के अनुरूप अपनी शिक्षण योजना तैयार कर सकें

एनएनआई



**आगरा।** ऑल सेंट्स स्कूल में एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा के तत्वावधान में एक दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय नेविगेटिंग द न्यू नेशनल करिकुलमः ए टीचर्स रोडमैप रहा।

इस कार्यशाला का आयोजन शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के नवीनतम सुधारों और नवाचारों से परिचित कराने के लिए किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को आत्मविश्वास के साथ नए पाठ्यक्रम को लागू करने में सक्षम बनाना और उन्हें शिक्षण की आधुनिक तकनीकों से लैस करना था।

नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ: कार्यशाला के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए विशेषज्ञों और शिक्षकों ने शिक्षण की गतिशील पद्धतियों और नए विचारों पर चर्चा की। सहयोगात्मक शिक्षणः शिक्षकों ने समूहों में कार्य करते हुए इस बात पर मंथन किया कि कैसे कक्षा के वातावरण को अधिक जीवंत और छात्र-केंद्रित बनाया जा सकता है। सत्र के दौरान शिक्षकों को एक 'रोडमैप' प्रदान किया गया, जिससे वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों के अनुरूप अपनी शिक्षण योजना तैयार कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोक सिंह राणा, डिरेक्ट्रिस प्रतिमा राणा, वाइस चेयरमैन युवराज राणा ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों को न केवल अपडेट रखती हैं, बल्कि उन्हें नई ऊर्जा के साथ छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित भी करती हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सी. बी. एस. ई. डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर योगेश उपाध्याय जी ने कहा कि, शिक्षक समाज की नींव होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों के साथ खुद को अपडेट रखना अनिवार्य है ताकि हम अपने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान कर सकें।

## वृंदा बंसल के अरंगेत्रम ने दर्शकों को भाव-विभोर कर बांधा समां

### भरतनाट्यम की दिव्य प्रस्तुति में झलकी साधना, संस्कृति और संस्कारों की गरिमा

एनएनआई



**आगरा।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य, गुरु-शिष्य परंपरा और सांस्कृतिक साधना की दिव्य अनुभूति से ओतप्रोत वृंदा बंसल का भव्य भरतनाट्यम अरंगेत्रम समारोह कलाकृति सभागार, फतेहाबाद रोड में संपन्न हुआ।

कला, संस्कृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय से सुसज्जित इस समारोह ने उपस्थित कला-प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय परंपरा की समृद्ध विरासत से भावविभोर कर दिया। वृंदा बंसल की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वृंदा बंसल की मनोहारी भरतनाट्यम प्रस्तुतियाँ रहीं। पुष्पांजलि एवं नटराज स्तुति, अलारिप्पु, जातिस्वरम, कृष्ण शब्दम, कार्तिकेय वर्णम, भो शम्भो, श्रीराम स्तुति एवं तिल्लाना जैसी पारंपरिक रचनाओं की प्रस्तुति में भाव, ताल, लय और अभिव्यक्ति का अद्भुत संतुलन दिखाई दिया। उनकी प्रत्येक प्रस्तुति ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सौंदर्यपरकता और आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत कर दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं अभिनेत्री सुधा चंद्रन की प्रेरणादायी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भरतनाट्यम केवल नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति और ईश्वर से संवाद का माध्यम है। उन्होंने वृंदा बंसल की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम आयु में भाव, अनुशासन और मंच संचालन की परिपक्वता अत्यंत प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर विजय बंसल, सीताराम बंसल, रजनी बंसल, डॉली बंसल, अनुराग बंसल, अजय बंसल, अनुज गर्ग, विशाल मित्तल, प्रतीक माहेश्वरी, आनंद प्रकाश, शुभ बंसल, विशाल मित्तल, शास्त्रीय संगीत गुरु गजेन्द्र सिंह चौहान, पखावज वादक गिरधारी लाल शर्मा, तबला वादक रविन्द्र सिंह, ओडिसी नृत्य गुरु अभिषेक निगम, कथक गुरु ज्योति खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

## संवेदना संस्था ने बच्चों को किया स्कूल बैग वितरण

### विद्यालय परिसर में स्थापित नए वाटर कूलर एवं द्वितीय तल का लोकार्पण



**आगरा (एनएनआई)।** संवेदना संस्था द्वारा संचालित श्री अम्बे लक्ष्मी बाल विद्यालय, पालिका नगर, नवलगंज, नुनिहाई में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के लगभग 300 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए तथा विद्यालय परिसर में स्थापित नए वाटर कूलर एवं द्वितीय तल का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष नवीन गौतम एवं श्याम सुंदर अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद बच्चों के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे बड़ा सेवा कार्य है। नवीन गौतम ने कहा कि ऐसे विद्यालय समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं संस्था संवेदना के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार का समन्वय ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है। विद्यालय के अध्यक्ष नीतेश अग्रवाल ने बताया कि विगत 11 वर्ष से संस्था लगातार बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर महामंत्री मयंक अग्रवाल, कुलभूषण गुप्ता (राम भाई), विकास वर्मा, मयंक जैन, अमित पाराशर, रिंकेश अग्रवाल, अंकुश गोयल, विकास वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## मातृ शक्ति समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा:मानसी अग्रवाल



**आगरा (एनएनआई)।** अग्रमिलन महिला समिति, कर्मयोगी एक्सटेंशन द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कमला नगर स्थित बीबी ग्रैंड होटल में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में सभी महिलाओं का रोली-तिलक एवं पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि मानसी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रिशिता एवं संस्था की संस्थापिका पार्षद कंचन बंसल ने महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात समिति की सभी सदस्याओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सुहानी अग्रवाल ने गणेश वंदना पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक आभा प्रदान की। इसके बाद महिलाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्यों ने समारोह में उल्लास और उमंग का वातावरण बना दिया। मुख्य अतिथि मानसी अग्रवाल ने कहा कि मातृ शक्ति समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा है और ऐसे आयोजन महिलाओं को सम्मान एवं आत्मीयता का मंच प्रदान करते हैं। संस्था की संस्थापिका पार्षद कंचन बंसल ने कहा कि अग्रमिलन महिला समिति सदैव सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर शिल्पी गर्ग, आशी गर्ग, कविता गर्ग, ममता अग्रवाल, ज्योति मित्तल, इंदु, प्रीति गोयल, पायल सिंघल, संगीता अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

## एलर्जिक रोगों के कारण, बचाव और उपचार पर हुई चर्चा




**आगरा (एनएनआई)।** वर्तमान में बच्चों में एलर्जिक रोगों का प्रमुख कारण बना हाउस डस्ट माइट। बंद घरों में मौजूद डस्ट माइट के धूल के कणों के कारण बच्चों में सांस, त्वचा और पेट के एलर्जिक रोग हो रहे पैदा। एलर्जी संबंधित रोगों के करण, बचाव, निदान, आधुनिक जांच और चिकित्सा प्रणाली पर देशभर से आए विशेषज्ञ मंथन कर रहे हैं। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आगरा के तत्वाधान में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 का आयोजन हरीपर्वत स्थित होटल होलीडे इन में किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए 250 से अधिक विशेषज्ञों ने की सहभागिता। आईएपी के प्रदेश अध्यक्ष और चीफ ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ.आरएन द्विवेदी, डॉ. प्रदीप चावला, आईएपी आगरा के अध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राहुल पैंगोरिया, फाइनेंस सेक्रेटरी डॉ. स्वाति द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि कॉन्फ्रेंस के पहले दिन शनिवार सुबह दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें स्किन एलर्जी टेस्टिंग पर तमिलनाडु की डॉक्टर एस नर्मदा और लंग्स फंक्शन टेस्टिंग पर लखनऊ की डॉक्टर शीतांशु द्वारा व्याख्यान दिए गए।

## समर्पण ने अपने 65 प्रभारियों को किया सम्मानित



**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा की ओर से प्रभारी सम्मान समारोह एवं दिव्य सत्संग का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित रिट्रीट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष उमेश बंसल, सचिव सीए विवेक अग्रवाल एवं प्रमोद सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शाखा अध्यक्ष विजित गुप्ता ने बताया कि सत्र 2025-26 में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रभारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 65 प्रभारियों को प्रभारी सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आगामी सत्र के लिए नितिन गोयल को शाखा अध्यक्ष घोषित किया गया तथा उन्हें अपनी नई कार्यकारिणी के गठन के निर्देश दिए। सचिव नवनीत गर्ग एवं कोषाध्यक्ष संजीव मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग की टीम द्वारा भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में रवि खुल्लर, विष्णु शर्मा एवं ममता रल्ली ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर अंशुल गुप्ता, पूजा मित्तल, बबीता गर्ग, निशी दौनेरिया, उत्सव मित्तल, समीर जैन, अखिलेश पटनागर, विमलेश मंडलास, मनीष गोयल, नविता मित्तल, श्वेता कंसल एवं सौरभ गोयल आदि उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म की बड़ी जीत है, भाजपा की पश्चिम बंगाल की जीत: विश्वनाथ जुनेजा



- भारतीय जनता पार्टी की सरकार एसोसिएशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं मिष्ठान वितरण आयोजित किया

एनएनआई

**आगरा।** पश्चिम बंगाल में आतंकी गतिविधियों की जिम्मेदार गैर सनातनी महिला विरोधी पार्टियों के ऊपर भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी विजय एवं पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री बनने की खुशी मनाने के लिए सिकंदरा अपार्टमेंट एसोसिएशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं मिष्ठान वितरण आयोजित किया गया। सभी अपार्टमेंट जिनमें मुख्य रूप से आनंदा, नालंदा, कावेरी कॉस्ट्यूब, नील फ्लोरेंस, गणपति काउंटी आदि के निवासियों ने एकत्रित होकर स्पेस टावर स्थित मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं मिष्ठान वितरण किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर जीपी अग्रवाल, पूर्व चैंबर अध्यक्ष संजय गोयल, सचिव विश्वनाथ जुनेजा, सुशील सिंह राणा, रोहित कत्याल, निशांत अग्रवाल, संतोष जुनेजा,शीतल अग्रवाल, राजा चौहान, राजकुमार खत्री, विश्वास शर्मा,अभिजीत अवस्थी, मोहित श्रीवास्तव,चिराग मित्तल, नवीन शर्मा,ईश्वर तनेजा, चारु अग्रवाल, मालती खंडेलवाल, जूली अग्रवाल, ईशा जुनेजा आदि उपस्थित रहे।

## बंगाल की डबल इंजन की सरकार सोनार बांग्ला का संकल्प करेगी साकार : रोहित



**आगरा (एनएनआई)।** भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्थिक उत्थान के नए दौर में प्रवेश करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल की डबल इंजन की सरकार सोनार बांग्ला का संकल्प साकार करेगी। पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना होगी और जन जन की आकांक्षाओं को नई दिशा मिलेगी।बंगाल की भाजपा की मजबूत टीम जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए बंगाल के गौरव और वैभव को पुनर्स्थापित करेगी। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में विकास,सुशासन और लोक कल्याण के नए मानक स्थापित होंगे।

# सीए दीपिका मित्तल बनी अध्यक्ष, नितिन अग्रवाल और अंकुर अग्रवाल संभालेंगे सचिव और कोषाध्यक्ष पद



- सेवा, संस्कार और समर्पण के साथ भारत विकास परिषद नवज्योति शाखा के नए सत्र का शुभारंभ
- अधिष्ठापन समारोह में पदाधिकारियों ने ली शपथ, सेवा-संस्कार और समाज उत्थान का लिया संकल्प

एनएनआई

**आगरा।** सामाजिक समरसता, संस्कार और सेवा भावना को समर्पित भारत विकास परिषद नवज्योति शाखा के नवीन सत्र 2026-27 का शुभारंभ होटल रेडिशन, फतेहाबाद रोड पर भव्य अधिष्ठापन एवं स्वागत समारोह के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

अधिष्ठापन समारोह में नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ग्रहण कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा सेवा कार्यों को विस्तार देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष पद की शपथ सीए दीपिका अग्रवाल ने, सचिव पद की शपथ नितिन अग्रवाल ने तथा कोषाध्यक्ष पद की शपथ अंकुर अग्रवाल ने ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा, पारदर्शिता एवं सेवा मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया।

अध्यक्ष सीए दीपिका अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद नवज्योति शाखा समाज सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में संस्था द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, शिक्षा सहयोग, स्वास्थ्य सेवा शिविर तथा जरूरतमंद परिवारों के सहयोग हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष सीए प्रवीन गोयल, ब्रज प्रांत अध्यक्ष उमेश बंसल, ब्रज प्रांत महासचिव विवेक अग्रवाल, संस्थापक सदस्य एवं कोर कमेटी सदस्य प्रो. सुगम आनंद, प्रदीप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अजय गर्ग (आवागढ़), डॉ. अमित सिंघल, गौरव बंसल( धूम पायल), अरविंद चौधरी, संरक्षक मंडल के श्रीनाथ गुप्ता एवं अजय शिवहरे, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, अनुराग भटनागर, नीरज जैन, शेखर अग्रवाल, महिला संयोजिका मंजू गुप्ता, अमित अग्रवाल, निधि अग्रवाल, डॉ कल्पना अग्रवाल, प्रीति आनंद, नीता अग्रवाल, शशि अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, ज्योति गर्ग, जूही सिंघल, निधि बंसल, अनीता चौधरी, अंजना शिवहरे, रौनक गुप्ता, सोनल भटनागर, नीलू जैन, शिल्पी अग्रवाल, रजनीश गुप्ता,शुभम गोयल, संदीप मित्तल, पंकज अग्रवाल, दीपक भार्गव, तान्या गोयल, अंजू मित्तल, भावना भार्गव, मनीष गोयल, संजय गोयल, मोहित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# संस्कारों की नींव मजबूत करने का लिया संकल्प

**अभिभावक प्रबोधन एवं मातृ पूजन छात्र संसद**

एनएनआई

- शिशु भारतीय के पदाधिकारीयो का शपथ समारोह




**आगरा।** श्री बाबूलाल गोयल सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तहसील मार्ग आगरा में अभिभावकों के लिए प्रेरणादाई अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्य पद्धति , संस्कार युक्त शिक्षा एवं बालकों के समग्र विकास के प्रति जागरूक करना छात्र संसद व शिशु भारती के भैया बहनों में नेतृत्व क्षमता ,जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर पार्थसारथी शर्मा मुख्य वक्ता भावना वरदान शर्मा और प्रधानाचार्य राजकुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं अपितु नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास भी है मुख्य अतिथि पार्थसारथी शर्मा ने संस्कारों एवं स्वच्छता पर अपने विचार प्रकट किए। मुख्य वक्ता लेखिका भावना शर्मा ने छात्र संसद एवं शिशु भारती के पदाधिकारीयो को गोपनीयता की शपथ दिलाई व सभी पदाधिकारीयों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया। भावना वरदान शर्मा ने कहा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । भारतीय सनातन संस्कृति में घर ही संस्कारों की प्रथम पाठशाला होता है जहाँ हम नैतिक मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा माता पिता से ग्रहण करते हैं। अभिभावकों को बच्चों के मनोवैज्ञानिक सामाजिक और शैक्षणिक विकास पर ध्यान देना चाहिए । सांस्कृतिक कार्यक्रमें में गीत गायन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां नन्हें मुन्हें बच्चों ने प्रस्तुत की। मातृ दिवस के अवसर पर मात्र पूजन के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के चरण छूकर और माल्यार्पण कर भी सदा उनका आदर करने का प्रण लिया।

# योगी सरकार आगरा के 212 आंगनबाड़ी केंद्र बना रही हाईटेक

- नौनिहालों को अब मिलेंगी निजी प्ले- स्कूल जैसी आधुनिक सुविधाएं और शिक्षा
- डिजिटल लर्निंग के लिए केंद्रों में लग रहे एलईडी टीवी, पोषण वाटिका की जा रही तैयार
- ईसीसीई किट से खेल- खेल में होगी नौनिहालों की डिजिटल और गतिविधि आधारित पढ़ाई

एनएनआई





**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के बच्चों के बुनियादी विकास और उनकी प्रारंभिक शिक्षा की नींव को मजबूत करने के लिए निरंतर नए आयाम गढ़ रही है। इसी दिशा में ताजनगरी आगरा के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन' (ईसीसीई) कार्यक्रम का शानदार आगाज हुआ है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले के 212 आंगनबाड़ी केंद्रों को हाईटेक और बाल-सुलभ बनाने के लिए वृहद स्तर पर कायाकल्प किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों की जो पुरानी छवि लोगों के जेहन में थी, वह अब पूरी तरह से बदलने वाली है। अब इन केंद्रों में आने वाले नौनिहालों को निजी प्ले-स्कूलों जैसी बेहतरीन और अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

3 से 6 वर्ष के बच्चों का हो समग्र विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि 3 से 6 वर्ष की उम्र बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे अहम होती है, इसलिए इस उम्र में उनकी नींव बेहद मजबूत होनी चाहिए। इसी संकल्प को धरातल पर उतारते हुए आगरा के चयनित 212 केंद्रों का रूप- रंग बदला जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों की नींव इतनी ठोस हो कि वे भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार रहें। यह पहल बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही आत्मविश्वास से लबरेज बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### डिजिटल लर्निंग और सुविधाओं से लैस होंगे केंद्र

सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों की इमारतों का आकर्षक सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। बच्चों को खेल- खेल में सिखाने के लिए दीवारों पर ज्ञानवर्धक 'वाल पेंटिंग्स' उकेरी जा रही हैं। साफ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए आरओ सिस्टम और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एलईडी टीवी लगाए जा रहे हैं। बच्चे अब ऑडियो- विजुअल माध्यमों से आसानी से कविताएं और अक्षर ज्ञान सीख रहे हैं। इसके अलावा, कुपोषण को दूर करने और ताजी सब्जियों से बच्चों को पोषण देने के लिए परिसर में ही 'पोषण वाटिका' भी तैयार की जा रही है।

### सुरक्षित और खुशनुमा माहौल प्रदान करना लक्ष्य

जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) मनोज कुमार मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आगरा में 'अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन' (ईसीसीई) प्रोग्राम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिले के 212 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प तेजी से प्रगति पर है। बिल्डिंग के सौंदर्यीकरण से लेकर आरओ, एलईडी, वॉल पेंटिंग्स और पोषण वाटिका जैसे कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और खुशनुमा माहौल प्रदान करना है, ताकि शुरुआती शिक्षा और पोषण उच्च कोटि का हो। सरकार की यह सकारात्मक पहल परिवारों को अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने के लिए प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि आगरा जनपद में वर्तमान में 3004 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें 2,73,015 बच्चे पंजीकृत हैं। योगी सरकार का यह कदम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों में आत्मविश्वास भरने और उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव साबित होगा।

# ताजनगरी में महाराणा प्रताप के शौर्य की गूंज

## भव्य शोभायात्रा में दिखी सनातन संस्कृति की झलक

एनएनआई

**आगरा।** वीरता, त्याग, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर सनातनी वीर महापुरुष योद्धा सम्मान समिति द्वारा तिरुपति रेजिडेंसी, दहतोरा से भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सनातन संस्कृति की भव्य झलक, राष्ट्रभक्ति का उत्साह और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। केसरिया साफों से सुसज्जित युवा, घोड़ों और ऊंटों पर सवार अतिथि, आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजों की मधुर धुन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि



कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा महेंद्र अरिदमन सिंह भदावर, नितिन कोहली ने महाराणा प्रताप की झांकी की आरती उतारकर किया। कार्यक्रम आयोजक संजय सिसोदिया ने बताया कि शोभायात्रा तिरुपति रेजिडेंसी, दहतोरा से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए सेक्टर-12 पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। झांकियों के माध्यम से सामाजिक एकता, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के संरक्षक राहुल जैन, मंडल अध्यक्ष मुनेंद्र जादौन, अविनाश राणा एवं जोगेंद्र चौहान ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का स्वागत किया। समिति सदस्यों में कृपाल प्रधान, मनोज चौहान, हरिओम ठाकुर, नितेश भारद्वाज, संस्कार भदौरिया, यश राजावत, बंटी परिहार, मनोज माहौर, अनु सिसोदिया, सत्यम चौहान, जितेंद्र पीपल, जीतू धाकड़, दीपक शर्मा, शेर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय समाज ने भी किया महाराणा प्रताप को नमन

**आगरा एनएनआई।** सिर पर भगवा पगड़ी और हाथों में भगवा ध्वज। समाज में एकता और भाईचारे के संदेश के साथ क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका अवधपुरी तिराहे से मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री, उप्र योगेन्द्र उपाध्याय ने झंडी दिखाकर व महाराणा प्रताप की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।



महाराणा प्रताप और हाथ में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की आकर्षक झांकियां देश की अखण्डता और भाईचारे का संदेश के साथ देश के प्रति समर्पण और त्याग के लिए प्रेरित करती नजर आईं। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। शोभायात्रा मारुति एस्टेट, बोदला चौराहा, सेक्टर चार, सेन्ट्रल पार्क के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वर्मा डेयरी पर विश्राम लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता डॉ. अलौकिक उपाध्याय, ठाकुर शिवम चौहान, ठाकुर उज्जवल चौहान, ठाकुर प्रमोद चौहान, ठाकुर दीपक चौधरी, ठाकुर हैप्पी तोमर, ठाकुर अरूण तोमर, धर्मेन्द्र चौधरी, ठाकुर रवि चौहान, ललित शर्मा,दीप विनायक, विनायक,कान्हा राठौर, धीरज जैन, निशू कपूर, प्रेम सिंह धाकड आदि उपस्थित थे।



## राजपुर चुंगी से शमशाबाद मार्ग तक गूँजे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जयकारे

एनएनआई

**आगरा।** स्वाभिमान के राष्ट्रीय प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप शोभायात्रा आयोजन समिति, राजपुर चुंगी, शमशाबाद रोड आगरा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य और विशाल शोभा यात्रा विभव नगर स्थित चौधरी गार्डन से शमसाबाद रोड पर टीवी टावर के सामने जीएल फार्म हाउस तक निकाली गई।

इस दौरान पूरे क्षेत्र में महाराणा प्रताप के गगनभेदी जयकारे रह रह कर गूँजते रहे। राह में क्षेत्रवासियों, क्षत्रिय बंधुओं और सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा में आगरा और आगरा के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजा अरिदमन सिंह, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राम प्रताप चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, कुंवर दिनेश प्रताप सिंह (पीली कोठी), कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष प्रदीप भाटी, प्रशांत पौनिया, महाराणा प्रताप शोभायात्रा आयोजन समिति राजपुर चुंगी के अध्यक्ष कुँवर युवराज सिंह परिहार और संरक्षक पप्पू राघव ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर, माल्यार्पण कर-के, आरती उतार कर और हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया।

अध्यक्ष कुँवर युवराज सिंह परिहार और संरक्षक पप्पू राघव ने शोभायात्रा का निर्देशन किया। शोभा यात्रा के समापन पर सभी लोगों के लिए सामूहिक प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान धनवीर सिंह तोमर, विजय सिंह तोमर, ब्रजमोहन तोमर, ललित रघुवंशी, हरिशंकर जसावत, डॉ. राकेश, अशोक भदौरिया, राजेश तोमर, प्रमोद तोमर, जीपी ठाकुर, गजेंद्र परमार, थान सिंह, देवेंद्र धाकरे, चंद्रभान तोमर, दिगंबर सिंह धाकरे, प्रदीप सिकरवार, कुँवर राजवीर सिंह, लाल सिंह राघव, विक्रम सिंह और गजेंद्र परिहार भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## गोल्डन मिनट्स में नवजात की जान बचाने को होगा प्रशिक्षण

**आगरा एनएनआई।** नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया द्वारा रविवार (10 मई) को जिला महिला अस्पताल (लेडी लॉयल) में नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी) दिवस मनाया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों को नवजात के जन्म होने के बाद सांस न आने पर उनकी जान बचाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. खुशबू केसरवानी ने बताया कि भारत में नवजात मृत्यु एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। इन मौतों का एक बड़ा कारण जन्म के समय शिशु का सांस शुरू न कर पाना है। जन्म के बाद के शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा समय पर सहायता से इन रोकी जा सकने वाली मौतों को टाला जा सकता है। शिशुओं को जन्म के समय सांस दिलाने की सरल और वैज्ञानिक तकनीकें जीवन बचा सकती हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 5.50 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

एनएनआई

**आगरा।** दीवानी परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज संजय कुमार मलिक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। बैंक और पीएनजी काउंटर के साथ चालान कोर्ट में वादकारियों की सबसे अधिक भीड़ रही।

लोक अदालत में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट-1, 2, 12 और 13 की कोर्ट में 2022 से 2025 तक में वाहनों के चालान का निस्तारण कराया गया। जिला जज संजय कुमार मलिक और अपर जिला जजों की अदालत में 838 वादों का निस्तारण हुआ। परिवार न्यायालय में 58, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने 71 वादों का निस्तारण कर पीड़ित पक्षों को 9.34 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति दिलाई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे), अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल कोर्ट व अन्य न्यायालयों में 8142, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग- प्रथम, द्वितीय और स्थायी लोक अदालत में 17 और वर्चुअल न्यायालय में 1.45 लाख मामले आए। जिला मुख्यालय और तहसील स्तर पर 5.50 लाख से अधिक वादों का आपसी सुलह समझौते से निस्तारण किया गया।



### न्याय के साथ सेवा-मानवता का सच्चा उत्सव

**आगरा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने रिबन काटकर दीवानी अन्न सेवा स्टॉल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर नोडल प्रभारी अमरजीत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शारिब अली, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पंकज कुमार, विशेष न्यायाधीश महेश नौटियाल, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानंद गुप्ता और जिला सूचना अधिकारी शीलेन्द्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंक कर्मचारियों ने अधिवक्ताओं पर लगाया आरोप

**आगरा।** लोक अदालत में बैंक ऑफ इंडिया कर्मियों और अधिवक्ताओं में वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) पर विवाद हो गया। घटना सुबह 11:30 बजे की है। कुछ अधिवक्ता एक वादकारी के साथ लोक अदालत में लगे बैंक ऑफ इंडिया के काउंटर पर पहुंचे थे। बैंक कर्मियों ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता ओटीएस पर विवाद करने लगे। विरोध पर उनके साथ मारपीट की। महिलाकर्मी वीडियो बनाने लगी तो उसके साथ भी अभद्रता की। इस दौरान काउंटर पर रखीं कुर्सियां भी टूट गईं। इस पर अन्य बैंकों के काउंटर बंद कराने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कर्मचारियों को समझा-बुझाकर शांत किया। दोनों पक्षों ने न्यायिक अधिकारियों के सामने पक्ष रखा।

# पिनाहट के तीन लोगों की हरियाणा में मौत, सात घायल

## सोहना रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो को रौंदा, गांवों में पसरा मातम

एनएनआई

**पिनाहट।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित सोहना रोड पर शनिवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में पिनाहट क्षेत्र के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मृतकों के गांवों में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के गांव जोर निवासी रामनिवास वर्मा तथा थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव भदरौली निवासी गजेंद्र सिंह आपस में जीजा-साले हैं और गुरुग्राम की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। शुक्रवार शाम करीब चार बजे दोनों परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ऑटो से गुरुग्राम के लिए रवाना हुए थे।

बताया गया है कि शनिवार सुबह करीब दो बजे सोहना चौक के पास पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।







हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

दुर्घटना में रामनिवास की पत्नी अर्चना (22 वर्ष), पुत्री साक्षी (6 वर्ष), पुत्र मृदुल (3 वर्ष), गजेंद्र सिंह निवासी भदरौली, उसकी पत्नी चांदनी (30 वर्ष), गजेंद्र की साली कांति (20 वर्ष), कुंवरसेन निवासी सूरजपाल थाना शमशाबाद, यशपाल सिंह की पत्नी प्रीति, पुत्री तमन्ना, पुत्र लक्की निवासी गोपी का पुरा थाना बासौनी तथा अयांश पुत्र गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची हरियाणा पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने रामनिवास के तीन वर्षीय पुत्र मृदुल, गजेंद्र की पत्नी चांदनी और गजेंद्र की साली कांति को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार रात तीनों शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अन्य घायलों की भी स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।



## गिट्टी से लदे डंपर ने रौंदा बाइक सवार

**बाह** एनएनआई। आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर बाह के फरैरा नाके के पास तेज रफ्तार गिट्टी से लदे डंपर ने बाइक सवार को रौंद दिया और टक्कर के बाद बाइक डंपर के टायर के नीचे दब गई। जबकि डंपर पेड़ में जा घुसा। फिरोजाबाद के असुआ गांव का विजयपाल अपनी ससुराल होलीपुरा में भारत सिंह कुशवाह के घर जा रहा था। तभी फरैरा नाके पर दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है।



## बीएसए ने किया अछनेरा विद्यालयों का निरीक्षण

**अछनेरा** एनएनआई। बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गौड़ ने अछनेरा स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, शिक्षण कार्य एवं छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी ने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन भी किया तथा भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई, आवासीय सुविधाओं एवं विद्यालय के वातावरण को लेकर बातचीत की। साथ ही अछनेरा क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों का भी निरीक्षण कर शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने एवं बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद** एनएनआई। निबोहरा थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर धनगर निवासी युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

शुक्रवार रात करीब नौ बजे निबोहरा पुलिस को सूचना मिली कि कुतकपुर गोला स्थित एक ट्यूबवेल के पास पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान रामबरन निवासी सलेमपुर धनगर के रूप में हुई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## विधायक ने किया 1.90 करोड़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास

एनएनआई

**किरावली।** विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी के विकास पथ पर आज एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। विकास खंड अछनेरा के ग्राम जनूथा में क्षेत्रीय विधायक माननीय चौधरी बाबूलाल द्वारा जनहित में एक बड़ी सौगात दी गई। विधायक ने लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत लघु सेतु (पुल) एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमि पूजन और शिलान्यास किया।

प्रमुख विकास परियोजना एक में 1 करोड़ 90 लाख की लागत से लघु सेतु निर्माण एवं जनूथा पुल से रायभा-जनूथा मार्ग तक अतिरिक्त पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। इस मार्ग और पुल के बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुधरेगी और हजारों ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम जनूथा में उत्सव जैसा माहौल देखा गया।



ग्रामीणों ने अपने लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक ने मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर कार्य की आधारशिला रखी और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास की यह धारा रुकेगी नहीं। 1.90 करोड़ की लागत से बनने वाला यह मार्ग और सेतु जनूथा और आसपास के गांवों के लिए तरक्की का नया रास्ता खोलेगा। इस अवसर पर महाराज सिंह (ब्लॉक प्रमुख), विधायक प्रतिनिधि डा रामेश्वर चौधरी, विशंभर दयाल, पवन बघेल, गोपाल प्रधान, चीकू प्रधान, रमन बघेल, डा कमल सिंह, तेज सिंह, छीतर सिंह, विजय सिंह, बुद्धाराम, शिवराज ठाकुर, राजेश ठाकुर एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचे अधिकारी, लौटे फरियादी

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में इस बार अधिकारियों की गैरमौजूदगी से फरियादियों में नाराजगी देखने को मिली। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कई लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं पहुंचने से अधिकांश फरियादी मायूस होकर लौट गए।

गांव चुरियारी में पंचम सिंह परिवार एवं ग्रामीणों के बीच चल रहे चामुंडा माता धर्मस्थल और निजी भूमि विवाद का समाधान नहीं हो सका। वहीं कस्बे की वाटर वर्क्स कॉलोनी में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद का मामला भी थाने पहुंचा, लेकिन सुनवाई नहीं होने से दोनों पक्षों को निराशा हाथ लगी। कस्बा के ऊपर पहाड़ निवासी 82 वर्षीय वृद्ध अनवार कुरैशी कई महीनों से भूमि विवाद एवं हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। शनिवार को भी वह समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे और अधिकारियों के इंतजार में घंटों तक कागज हाथ में लिए बैठे रहे। पीड़ित अनवार कुरैशी ने आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल समेत तहसील और पुलिस प्रशासन लगातार मामले को नजरअंदाज कर रहा है।

इसके अलावा मौजा गुड़ की मंडी स्थित पहाड़ गाटा संख्या-10 से जुड़े लाखों रुपये मूल्य के भूखंडों पर कब्जे और विवाद संबंधी शिकायत भी दर्ज नहीं हो सकी। फरियादियों का कहना था कि समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

## जनगणना के लिए शिक्षकों ने टैबलेट बदलने की उठाई मांग

एनएनआई

**फतेहाबाद।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2026 का कार्य इन दिनों जोर-शोर से चल रहा है। इस बार जनगणना पूरी तरह पेपरलेस तरीके से किए जाने का दावा किया गया है। इसके तहत एचएलओ एप के माध्यम से पहले चरण में मकान गणना और दूसरे चरण में जनगणना का कार्य किया जाएगा। हालांकि जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों ने तकनीकी समस्याओं को लेकर चिंता जताई है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आगरा के पदाधिकारियों ने बताया कि जनगणना के लिए निर्धारित एप्लीकेशन केवल 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले स्मार्ट डिवाइस पर ही सुचारु रूप से कार्य कर रही है, जबकि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में जो टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं, उनमें केवल 2जीबी रैम और 32 जीबी स्टोरेज है। ऐसे में ये टैबलेट अब पुराने और तकनीकी रूप से कमजोर साबित हो रहे हैं। संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष दिव्यांशु तिवारी एवं प्रांतीय संगठन मंत्री बृजेश दीक्षित ने कहा कि मौजूदा टैबलेट में एप सही तरीके से संचालित नहीं हो पा रही है। टैबलेट बार-बार हैंग हो रहे हैं, जिससे जनगणना कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने शासन से मांग की है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को आधुनिक तकनीक वाले नए डिवाइस उपलब्ध कराए जाएं, ताकि कार्य समयबद्ध और सुचारु रूप से पूरा हो सके।

## संपादकीय

# चिंता बढ़ाते धमाके

सीमा पार से पंजाब का सुख-चैन छीनने के षड ?्यंत्र काले दौर से लेकर अब तक रुके नहीं हैं। पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है।

नशे और बेरोजगारी को हथियार बनाकर भटके युवाओं को इन साजिशों का हथियार बनाने के मामले भी उजागर हुए हैं। पंजाब में हाल ही में दो धमाके हुए, पहला जालंधर में बीएसएफ चौकी के बाहर और दूसरा अमृतसर में सेना की छावनी के पास हुआ। सेना और सुरक्षा बलों को लक्षित इन हमलों के घातक मंसूबों को समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर समय और लक्ष्य के लिहाज से इतने करीबी हमलों के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है कि ये महज सामान्य मामले नहीं थे। भले ही इन धमाकों की तीव्रता कम रही हो,लेकिन इनमें गंभीर रणनीतिक चेतावनी छिपी है। वह ये कि भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों की हिफाजत को आंका जा रहा है। निस्संदेह, ये महज आकस्मिक घटनाएं मात्र नहीं हैं। ये सुनियोजित तरीके व जासूसी के जरिये रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास की कमजोर कड़ियों को तलाशने की कुत्सित कोशिश है। अब चाहे इन आतंकी गतिविधियों के तार स्थानीय साजिश से जुड़े हों या फिर सीमा पार से साजिश को अंजाम दिया गया हो, कह सकते हैं कि मिलाजुला षड ?्यंत्र हो, मगर तौर-तरीका स्पष्ट है।

घटनाओं ने हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया ही है। यह गंभीर मसला है कि इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में दस दिनों के भीतर तीन सुनियोजित व उच्च तकनीक से लैस विस्फोट हुए हैं। ये धमाके सभी पक्षों की मेहनत से अर्जित साख को धूमिल करने के जोखिम को बढ़ाते हैं।सवाल मात्र यही नहीं है कि इन धमाकों के लिये कौन जिम्मेदार है। प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है? इन विस्फोटों ने राज्य वि सुरक्षा एजंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं?राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक लाइन के अनुरूप बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका दोष भाजपा पर मढ़ा है। वहीं भाजपा आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह राज्य को सुरक्षा देने में विफल रही है। बहरहाल, भले ही आरोप-प्रत्यारोप का यह खेल नेताओं को राजनीतिक लाभ-हानि के गणित के अनुरूप लगता हो, मगर राज्य की सुरक्षा के नजरिये से अदूरदर्शी कदम ही कहा जाएगा।राजनेताओं की संकीर्णता और दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज करके की गई बयानबाजी ही चिंगारी को आग बनाने का काम करती है। जिसकी कीमत दशकों तक पंजाब के लोगों व राज्य की अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। विडंबना ही है कि पंजाब के राजनेता अतीत के स्याह दौर की घातकता से कोई सबक नहीं सीखते हैं। सामान्य तथ्य है कि कि जब भी इस संवेदनशील व सीमावर्ती राज्य पर कोई सुरक्षा संकट पैदा हो, उसके लिये राजनीतिक भेदभाव भुलाकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है।वक्त की सबसे बड़ी जरूरत इस बात को लेकर है कि हम ऐसी किसी भी चुनौती को लेकर एक समन्वित प्रतिक्रिया दें। केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी का बेहतर ढंग से आदान-प्रदान किया जाए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा घेरे के दायरे का तत्काल प्रभाव से सुरक्षा ऑडिट किया जाए। इन साजिशों पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। खासकर लगातार गहरी होती ड्रोन आधारित घुसपैठ के खतरों को रोकने के लिये युद्धस्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है। ड्रोन आज अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी का साधन बन रहे हैं। पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इसके करीब तीन माह बाद ग्रेनेड हमले की साजिश में दस संदिग्धों को पकड़ा गया। इससे स्पष्ट है वि उग्रवाद के खात्मे के बाद शांति और समृद्धि की राह पर लौटे इस राज्य में आतंक का खतरा फिर से बढ़ता जा रहा है। अगर समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो निस्संदेह राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं।



आनंद शर्मा
वास्तु एडवाइजर
इंडस्ट्रीज एक्सपर्ट



# घर के लिए वास्तु शास्त्र चार्ट

घरों के लिए वास्तु शास्त्र चार्ट एक पारंपरिक भारतीय सिद्धांत है जो वास्तुशिल्प डिजाइन और आंतरिक सजावट को प्राकृतिक ऊर्जा के साथ मिश्रित करता है। इसका उद्देश्य एक शांतिपूर्ण और समृद्ध वातावरण बनाना है जो प्रकृति के अनुरूप हो। अधिकतम सकारात्मकता और संतुलन के लिए आपके स्थान को डिजाइन और अनुकूलित करने में सहायता के लिए यह अभ्यास होम वास्तु चार्ट नामक एक साधन का उपयोग करता है।

यह विधि इस विचार पर आधारित है कि ब्रह्मांड पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष से बना है। वास्तु शास्त्र का मानना है कि यदि आप अपने घर में इन तत्वों के बीच संतुलन हासिल कर सकते हैं, तो आप एक शक्तिशाली, सकारात्मक ऊर्जा पैदा कर सकते हैं। यह ऊर्जा समग्र खुशहाली और धन लाकर उस स्थान में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जिसका उद्देश्य घरों को प्रकृति के तत्वों के साथ सामंजस्य स्थापित करना है। वास्तु शास्त्र के सिद्धांत दिशात्मक संरेखण और पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष की संरचना पर आधारित हैं।

गृह वास्तु चार्ट एक ग्रिड-आधारित आरेख है जो मुख्य दिशाओं और मौलिक ऊर्जाओं के अनुरूप घर के विन्यास की योजना बनाने के लिए वास्तु शास्त्र को लागू करने में एक महत्वपूर्ण साधन है।

घर के डिजाइन में वास्तु शास्त्र को अपनाने से स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है, समृद्धि आकर्षित हो सकती है, शांति बढ़ सकती है और रहने की जगह की समग्र ऊर्जा को बढ़ावा मिल सकता है। वास्तुशास्त्र को आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता के बिना कई तरीकों से आधुनिक आवास स्थानों में एकीकृत किया जा सकता है।

यहां तक कि वास्तु शास्त्र दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए मामूली समायोजन भी घर की ऊर्जा और वातावरण में महत्वपूर्ण सुधार ला सकते हैं।

**गृह वास्तु चार्ट क्या है?**

वास्तु शास्त्र का अभिन्न अंग गृह वास्तु चार्ट 360-डिग्री वास्तु चार्ट दृष्टिकोण के साथ स्थानों के निर्माण और आयोजन के लिए एक व्यापक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करता है। यह उन सिद्धांतों का प्रतीक है जो वास्तुकला को प्रकृति के तत्वों के साथ जोड़ते हैं, जिसका लक्ष्य पर्यावरण और घर के निवासियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है।

**प्रमुख विशेषताऐं:**

**1) ग्रिड-आधारित आरेख**

चार्ट को वास्तु आरेख के माध्यम से एक ग्रिड के रूप में दशार्या जाता है, जिसमें आमतौर पर वर्ग या पैड होते हैं, जो वास्तु सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न कमरों और कार्यों के लिए संरचना के भीतर आदर्श स्थानों को दशार्ते हैं।

**2) दिशात्मक संरेखण**

यह घर और उसके घटकों (दरवाजे, खिड़कियां, कमरे) को मुख्य दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम) और उनके प्रतिनिधित्व करने वाले तत्वों के साथ संरेखित करने पर बहुत जोर देता है, यह विश्वास करते हुए कि यह समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशी को प्रभावित करता है।

**3) ब्रह्मांडीय ऊर्जा प्रवाह**

इस लेआउट को अंतरिक्ष के भीतर ब्रह्मांडीय ऊर्जा के सामंजस्यपूर्ण प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह इसमें रहने वालों के कल्याण को बढ़ाता है।

घर के लिए यह वास्तु शास्त्र चार्ट एक मूलभूत ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करता है जो वास्तुशिल्प डिजाइन का मार्गदर्शन करता है, जिसका लक्ष्य निर्मित पर्यावरण और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन बनाना है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा, स्वास्थ्य और समृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

**घरों के लिए वास्तु शास्त्र चार्ट में पांच तत्वः**

**1. पृथ्वी (भूमि)**

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और गुरुत्वाकर्षण बल मानव जीवन को प्रभावित करते हैं तथा स्थिरता के लिए विशिष्ट दिशाएँ और स्थान सुझाते हैं।

**2. जल**

प्रवाह और पवित्रता का प्रतीक जल तत्व धन और समृद्धि बढ़ाने के लिए रखा जाना चाहिए।

**3. अग्नि**

ऊर्जा और शक्ति को नियंत्रित करने वाला, अग्नि तत्व रसोई और बिजली के उपकरणों के स्थान को निर्धारित करता है।

**4. वायु**

वायु प्रवाह स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। उचित वेंटिलेशन और खिड़की का स्थान महत्वपूर्ण है।

**5. अंतरिक्ष (आकाश)**

सभी तत्वों और स्थान के लिए ब्रह्मांडीय कंटेनर, संरचना के समग्र डिजाइन और लेआउट को निर्देशित करता है।

**गृह वास्तु चार्ट का कार्य**

गृह वास्तु चार्ट, या वास्तु पुरुष मंडल, एक आध्यात्मिक वगार्कार योजना है जो पूर्व दिशा की ओर सिर करके लेटे हुए ब्रह्मांडीय मनुष्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो वास्तुकला में वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों का प्रतीक है। इस ग्रिड पैटर्न में कमरे, दरवाजे और फर्नीचर का स्थान शामिल है, जिसका लक्ष्य पूरे रहने की जगह में ऊर्जा प्रवाह को अनुकूलित करना है।

**1) दिशात्मक महत्व**

चार्ट में प्रत्येक दिशा विशिष्ट महत्व रखती है और कुछ गतिविधियों या कमरों के लिए सबसे उपयुक्त हैः

**क) दक्षिण**

शयनकक्षों के लिए आदर्श, क्योंकि यह स्थिरता का प्रतीक है और आरामदायक नींद को बढ़ावा देता है।

**ख) दक्षिण-पूर्व**

अग्नि तत्व से संबंध के कारण रसोई की सबसे अच्छी स्थिति स्वास्थ्य और ऊर्जा से जुड़ी है।

**ग) पूर्व**

प्रवेश द्वारों, विकास को प्रोत्साहित करने और सकारात्मक भावनाओं के प्रवाह के लिए अनुकूल।

**घ) पूर्वोत्तर**

ध्यान या प्रार्थना क्षेत्रों के लिए बिल्कुल सही, स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास प्रदान करता है।

**2) कक्ष का स्थान**

घर के लिए वास्तु शास्त्र चार्ट का पालन करने से आपको प्रत्येक कमरे को इष्टतम कल्याण और सद्भाव के लिए व्यवस्थित करने में मदद मिल सकती हैः

**क) लिविंग रूम**

इससे उत्तर या पूर्व में रखने से स्वागत योग्य माहौल और पारिवारिक मेलजोल को बढ़ावा मिलता है।

**ख) रसोई**

दक्षिण-पूर्व अपनी उग्र प्रकृति के अनुरूप है, जो स्वास्थ्य और उत्साह को बढ़ाता है।

**ग) शयन कक्ष**

दक्षिण दिशा ग्राउंडिंग ऊर्जा प्रदान करती है, शांति और गहरी नींद सुनिश्चित करती है।

**घ) बाथरूम**

इसे उत्तर-पश्चिम दिशा में रखने से स्वच्छता बनाए रखने और नकारात्मकता को दूर करने में मदद मिलती है।

वास्तु दिशा चार्ट के इन संरेखणों का पालन करके, आप एक संतुलित और सकारात्मक घरेलू वातावरण बना सकते हैं।

**वास्तु चार्ट का उपयोग क्यों करें**

घरों के लिए वास्तु शास्त्र चार्ट के सिद्धांतों को लागू करना हर नियम का कड़ाई से पालन करना नहीं है, बल्कि अपने रहने की जगह में संतुलन, स्वास्थ्य और समृद्धि लाने के लिए इसके ज्ञान को समझना और लागू करना है। यह दृष्टिकोण घर को प्राकृतिक ऊर्जा के साथ एकीकृत करता है, जिससे ऐसे लाभ मिलते हैं जो शारीरिक कल्याण से परे मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य तक पहुंचते हैं। संक्षेप में, गृह वास्तु चार्ट ऐसे स्थानों के निर्माण के लिए दिशानिर्देश के रूप में कार्य करता है जो न केवल कार्यात्मक और सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन हों, बल्कि तात्विक शक्तियों के अनुरूप भी हों, तथा एक शांत और समृद्ध आवास को बढ़ावा दें।

# तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है

## मां

मां ऐसे शब्द है जिसे सुनकर मन में अथाह प्यार और सुकून की अनुभूति होती है। दुनिया में कितने ही रिश्ते स्वार्थी निकल जाएं लेकिन मां का रिश्ता ऐसा है जिसमें स्वार्थ का नामोनिशान भी नहीं होता है तो सिर्फ त्याग, वात्सल्य और प्रेम का रिश्ता। मां अपनी संतान को कितना चाहती है यह स्पष्ट करने की जरूरत नहीं । दुनिया में जितने भी रिश्ते हैं उन सब में सबसे अधिक भावनात्मक रिश्ता अपनी संतान से होता है। मदर्स डे पर इसी पवित्र और निस्वार्थ रिश्ते के एहसास को ताजा करने के लिए हमने चर्चा की कुछ मां और बेटों से, जाना कि मां अपने बच्चों के पालन पोषण में आखिर किन चीजों को वो प्राथमिकताएं देती हैं और बेटों से जाना कि जीवन में मां का क्या महत्व है। दुनिया की हर बुरी नजर से बच्चे को बचाना, उसके भले के लिए स्वयं को कष्ट पहुंचाना। यही तो है एक मां की पहचान। आखिर वो कौन सी प्राथमिकताएं हैं जिनके आधार पर मां बच्चे का व्यक्तित्व विकास करती है...

### मदर्स-डे

मदर्स डे विश्व में मई महीने के दूसरे रविवार को अपनी माताओं को आभार व्यक्त कर उन्हें धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस को दुनिया भर के बच्चे अपनी माताओं को कार्ड देकर, गिफ्ट या फल देकर मनाते हैं। 1914 से यह आधिकारिक तौर पर पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। विश्व में सर्वप्रथम मदर्स डे प्राचीन मिश्र में दीवों की मां रिया के सम्मान में मनाया गया था। 1600 में इंग्लैंड में भी मदरिंग संडे के रूप में यह दिवस मनाया जाता था। अमेरिका में मदर्स डे सबसे पहले 1872 में जूलिया वार्ड होव ने शांति दिवस के रूप में मनाना प्रारम्भ किया। ताकि महिलाओं को युद्ध के विरुद्ध एकजुट कर सकें। 1907 में एना जार्विस ने राष्ट्रीय मदर्स डे मनाने के लिए फिला डेलफिया में आंदोलन चलाया, उनकी मां की पुण्यतिथि को धीरे-धीरे पूरे फिलाडेलफिया में मदर्स डे के रूप में मनाया जाने लगा व उनके प्रयासों से 1914 में राष्ट्रपति बुडरोव विल्सन ने इसे राष्ट्रीय अवकाश घोषित करते हुए मई के द्वितीय रविवार को मदर्स डे के रूप में मनाने की घोषणा की। ब्रिटेन में यह दिन मदरिंग संडे के रूप में मनाया जाता है। धीरे-धीरे मदर्स डे पूरे विश्व में माताओं के सम्मान में लोग मनाने लगे।



मेरी दो बेटियां हैं जिनका पालन-पोषण मैंने बहुत नाजों से किया है। बच्चों की परवरिश में मैने हमेशा उन्हें और परिवार को ही प्राथमिकता दी है। मां बच्चों को अपने स्नेह, लाड़ और संस्कारों से एक बागवान की तरह सींचती है।

**ममता राना**



बच्चों में अच्छे संस्कार, अच्छी शिक्षा देना मां की पहली प्राथमिकता होती है। साथ ही उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी मानसिक जरूरतें पूरी करना भी मां का फर्ज है, जिसे एक मां को हर स्थिति में पूरा करना चाहिए।

**शीतल अग्रवाल**



मां की पहली प्राथमिकता है बच्चे का साथ। हर काम में सबसे पहले बच्चे को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। मैं सर्विस करती हूं, लेकिन बच्चे के लिए कोई समझौता नहीं करती।

**रूबी सिंह**



मां सम्पूर्ण सृष्टि को ईश्वर की ओर से दिया गया एक अनमोल उपहार है। यह ममता की वह सुन्दर मूर्ति है जिसे ईश्वर ने स्वयं निर्मित किया है। माता बच्चों की कठिनाइयों से रक्षा करती है और साहस देती है।

**मुक्ता कत्याल**



सृष्टि सृजनकर्ता ब्रह्मा में विष्णु नहीं समा सकते और विष्णु महेश में नहीं समा सकते, लेकिन दुनिया में मां में तीनों समाहित हैं। मां जन्म देती है, इसलिए ब्रह्मा है, मां संतान का पालन करती है इसलिए विष्णु है और मां संस्कार देकर उद्धार करती है इसलिए महेश है।

**जगतेन्द्र इन्दौलिया**

### निस्वार्थ प्रेम ही है मां की पहचान

मां के आंचल में आकर हर बच्चा सुकून महसूस करता है क्योंकि मां उसे निश्छल प्रेम देती है, जिसका वह सदा भूखा रहता है। जिस मां ने उन्हें जीवन दिया है उस मां की उनके जीवन में क्या महत्ता है?



जीवन के नैतिक मूल्यों से हमें मां ही परिचित करवाती है और जब तक हम मां के पास रहते हैं हमें उनका एहसास करवाती है। दुनिया में मां ही ऐसी है जो हमें निस्वार्थ सलाह देती है।

**समर्थ बंसल**



मां के बिना सब सूना है। मैं बहुत ही भावुक किस्म का व्यक्ति हूं और अपनी मां का बहुत बड़ा भक्त हूं। उनकी कही बात मैंने आज तक नहीं टाली। मुझे इससे आंतरिक संतुष्टि मिलती है।

**लकी**



मां के महत्व को बताने के लिए शब्द नहीं हैं। दुनिया में अगर कोई सच्चा और अच्छा रिश्ता है तो वो मां का। मां बहुत ही निर्मल और स्वच्छ होती है।

**रोहन**



सिर्फ एक मां ही ऐसी प्राणी है जो बच्चों को दुनियां में आने के पहले ही संस्कार और गुण प्रदान करती है। मां के बिना किसी व्यक्ति के अस्तित्व की कल्पना नहीं कर सकते।

**रोहित**



# डब्ल्यूएफआई के नोटिस पर भड़कीं विनेश फोगाट

## बोलीं- कोई ताकत मेरा सिर नहीं झुका सकती

एंटी-डोपिंग नियमों और अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई, 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं से बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ के बीच विवाद और गहरा गया है। महासंघ ने विनेश को एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन और अनुशासनहीनता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक दिया है।

डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई के बाद विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर भावुक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि जिंदगी गहरे भंवर में फंसी हुई है और लोग उनके चरित्र में खामियां ढूंढ़ रहे हैं, लेकिन कोई भी ताकत उनका सिर नहीं झुका सकती। उनके इस बयान को महासंघ के खिलाफ कानूनी और खेल स्तर पर लड़ाई जारी रखने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

महासंघ के अनुसार, संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए लागू अंतरराष्ट्रीय एंटी-डोपिंग नियमों के तहत छह महीने की अनिवार्य नोटिस अवधि पूरी करना जरूरी होता है। आरोप है कि विनेश ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की और इसी वजह से उनकी प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी पर रोक लगाई गई है। विनेश रविवार से गोंडा में शुरू हो रहे नेशनल ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट से वापसी करना चाहती थीं। उल्लेखनीय है कि 2024 ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्होंने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

डब्ल्यूएफआई की ओर से जारी 15 पन्नों के नोटिस में कहा गया है कि पेरिस में विनेश का व्यवहार भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला था। महासंघ ने उनके आचरण को संविधान, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती नियमों और एंटी-डोपिंग प्रावधानों के खिलाफ बताया है।

हाल के दिनों में दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी लगातार तेज हुई है। विनेश ने आरोप लगाया था कि महासंघ ने उन्हें गोंडा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोका। उन्होंने यह भी कहा था कि वह पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत करने वाली महिला पहलवानों में शामिल रही हैं।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वापसी से पहले छह महीने की नोटिस अवधि पूरी करना जरूरी है और फिलहाल यह साबित नहीं हुआ है कि विनेश ने सभी शर्तों का पालन किया है।

# गुजरात ने राजस्थान को 77 रन से हराया



**जयपुर।** गुजरात ने राजस्थान को 77 रनों से हरा दिया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात ने 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 152 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की तूफानी बल्लेबाजी के बाद राशिद खान और जेसन होल्डर की घातक गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स पर 77 रनों से शानदार जीत दर्ज की। शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में सिर्फ 152 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

## 15 साल की उम्र में दुनिया को कर रहा दंग!

# वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर किया कमाल; 514 गेंद में बनाया रिकॉर्ड



**जयपुर।** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी लगातार रिकॉर्ड बुक्स को बदल रहे हैं। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे इस 15 वर्षीय बल्लेबाज ने शनिवार को एक और अनोखा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने मोहम्मद सिराज की पहली ही गेंद पर शानदार छक्का जड़ा। इसी छक्के के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 100 छक्के पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वैभव ने यह मुकाम सिर्फ 514 गेंदों में हासिल किया, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा अब तक का सबसे तेज आंकड़ा है।

### अभिषेक शर्मा को छोड़ा पीछे

इस उपलब्धि के साथ वैभव ने भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया। इतनी कम उम्र में ऐसा रिकॉर्ड बनाना उनके टैलेंट और निडर बल्लेबाजी का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। वैभव पहले ही आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में और आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंदों में शतक जमाया था।

### पावरप्ले के नए सिक्सर किंग

गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने सिर्फ 16 गेंदों में 36 रन बनाए। उनकी पारी में तीन छक्के और तीन चौके शामिल रहे। खास बात यह रही कि उनके तीनों छक्के पावरप्ले में आए। इसके साथ ही वैभव अब आईपीएल के एक सीजन के पावरप्ले ओवरों में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### आईपीएल सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्केः

| खिलाड़ी | सीजन | पावरप्ले (1-6 ओवर) में छक्के |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 2026 | 30* |
| अभिषेक शर्मा | 2024 | 29 |
| अभिषेक शर्मा | 2026 | 27* |
| सनथ जयसूर्या | 2008 | 22 |
| ट्रेविस हेड | 2024 | 22 |
| यशस्वी जायसवाल | 2025 | 22 |

### गुजरात टाइटंस का विशाल स्कोर

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 229/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। कप्तान शुभमन गिल ने 44 गेंदों में 84 रन, साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन और वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। राजस्थान के गेंदबाजों पर गुजरात बल्लेबाजों ने जमकर हमला बोला और अंतिम ओवर में 21 रन बटोरे। जवाब में राजस्थान की पारी 16 .3 ओवर में 152 रन पर ही सिमट गई। वैभव के अलावा रवींद्र जडेजा ने 38 रन बनाए।

# रविवार , 10 मई राशिफल

दिन की शुरूआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके दशम भाव यानी करियर और जिम्मेदारियों के क्षेत्र को सक्रिय करेंगे। सुबह आप काम के प्रति गंभीर और समर्पित महसूस कर सकते हैं। दोपहर बाद चंद्रदेव के कुंभ राशि में प्रवेश करते ही आपका ध्यान इच्छाओं की पूर्ति और सामाजिक गतिविधियों की ओर बढ़ेगा।

सुबह चंद्रदेव मकर राशि में रहकर भाग्य और धर्म के नवम भाव को सक्रिय करेंगे। आध्यात्मिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं में रुचि बढ़ेगी। दोपहर बाद चंद्रदेव के कुंभ राशि में प्रवेश से करियर और प्रतिष्ठा का भाव मजबूत होगा।

दिन की शुरूआत में चंद्रदेव आठवें भाव में रहकर मन में गहरे विचार और अनजाना भय पैदा कर सकते हैं। दोपहर बाद भाग्य भाव सक्रिय होने से सकारात्मकता बढ़ेगी। लग्न में बृहस्पति आपको सही दिशा और सुरक्षा प्रदान करेंगे।

सुबह साझेदारी और रिश्तों में गंभीरता बनी रहेगी। दोपहर बाद आंतरिक चिंतन और समस्याओं को सुलझाने की दिशा में मन लगेगा। सूर्यदेव करियर में उन्नति और सम्मान दिला सकते हैं। अधूरी इच्छाएं पूरी होने के संकेत हैं। ऑफिस के कार्यों में छोटी गलतियों से बचने के लिए सतर्क रहें।

सुबह दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता बढ़ेगी। दोपहर बाद रिश्तों और पार्टनरशिप पर ध्यान जाएगा। शुक्र आपकी पेशेवर छवि को मजबूत करेंगे, जबकि बृहस्पति नए अवसर देंगे। मंगल-शनि मानसिक तनाव दे सकते हैं। खुद को जरूरत से ज्यादा थकाने से बचें।

सुबह रचनात्मकता और उत्साह बना रहेगा। दोपहर बाद कामकाज और स्वास्थ्य पर ध्यान बढ़ेगा। करियर में तरक्की और सम्मान मिलने के योग हैं। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। पार्टनर के साथ तनाव की स्थिति बन सकती है। निर्णय लेते समय सावधानी बरतें।

सुबह घरेलू मामलों और भावनाओं पर ध्यान रहेगा। दोपहर बाद रचनात्मक कार्यों और मनोरंजन में रुचि बढ़ेगी। भाग्य का सहयोग मिलेगा। पार्टनर के साथ गलतफहमी की आशंका है। स्वास्थ्य और धन संबंधी मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी।

सुबह आत्मविश्वास और संवाद क्षमता मजबूत रहेगी। दोपहर बाद घर और मानसिक शांति पर ध्यान केंद्रित होगा। प्रेम और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ गलतफहमी हो सकती है। आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होगी।

सुबह आर्थिक मामलों और स्थिरता पर फोकस रहेगा। दोपहर बाद साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा। क्रिएटिविटी के कारण सामाजिक प्रशंसा मिल सकती है। घर के वातावरण में तनाव से बचने की कोशिश करें। शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रहना लाभदायक रहेगा।

सुबह भावनात्मक संवेदनशीलता बढ़ सकती है। दोपहर बाद आर्थिक और पारिवारिक मामलों पर ध्यान जाएगा। प्रेम जीवन में खुशी मिलेगी। भाई-बहनों या सहकर्मियों के साथ तनाव संभव है। पुराना शौक आपको मानसिक सुकून देगा।

सुबह एकांत पसंद महसूस कर सकते हैं। दोपहर बाद आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ेगा। क्रिएटिविटी और सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। धन और वाणी से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। रिश्तों में स्पष्टता बनाए रखना जरूरी होगा।

सुबह सामाजिक गतिविधियों और लक्ष्यों पर ध्यान रहेगा। दोपहर बाद आत्मचिंतन और शांति की तलाश बढ़ सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। मंगल-शनि की युति थकान और चिड़चिड़ापन दे सकती है। आर्थिक फैसले सोच-समझकर लें और ओवरथिंकिंग से बचें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# परिवार और विद्यालय के संबंधों का सुंदर उत्सव : डॉ. सुशील गुप्ता

## प्रिल्यूड के फैमिली फन फिएस्टा में प्रेम व प्रतिभा का अद्भुत संगम









एनएनआई

**आगरा।** परिवार के आपसी बंधन को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से फैमिली फन फिएस्टा का आयोजन प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल, आगरा के विद्यालय सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पाँच तक के लगभग 38 छात्रों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विद्यालय की शिक्षिका पूर्णिमा सिंह एवं मानसी रावत ने निर्णायक मंडल व अतिथिगण का स्वागत किया। तत्पश्चात निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, सुनीता गुप्ता,प्रधानाचार्या सीमा सहजपाल, निर्णायकगण एवं अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत की गई। निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कार्यक्रम को परिवार और विद्यालय के संबंधों का सुंदर उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की हँसी, अभिभावकों का उत्साह-यही सच्ची शिक्षा और संस्कार की नींव है। हमें परिवार में एकदूसरे के साथ समय बिताने को वरीयता देनी चाहिए। विद्यालय प्रधानाचार्य सीमा सहजपाल ने समस्त निर्णायकगण एवं उपस्थित अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि आप सबकी उपस्थिति ने इस मंच को सच्चे अर्थों में जीवंत कर दिया है। आप सबका सहयोग और विश्वास ही हमारी सर्वश्रेष्ठ पूँजी है। इस अवसर पर स्टेट बैंक से पुनीत शर्मा (ए.जी.एम., एस.एम.ई, संजय प्लेस) कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिन्होंने बताया कि जीवन में धन अत्यंत महत्वपूर्ण है किंतु उसे नियोजित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बच्चों की उत्तम शिक्षा और सुनहरे भविष्य हेतु बेहतरीन इंवेस्टमेंट के लिए महत्वपूर्ण जानकारियाँ सभी छात्रों एवं अभिभावकों के साथ साझा की। उनका सहयोग - पल्लवी रॉय, रति अग्रवाल, कमल पाठक, हिमांशी शर्मा, मनन श्रीवास्तव आदि ने दिया।

# मेरी माँ के बराबर कोई नहीं...

## साई किडीज स्कूल में मदर्स-डे का कार्यक्रम मनाया गया

**आगरा (एनएनआई)।** कालिंदी विहार स्थित साईं किडीज स्कूल में मदर्स डे का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग एस एन मेडिकल कॉलेज आगरा की प्रोफेसर डा. सुरभि गुप्ता और महिला जिला चिकित्सालय की काउंसलर रूबी ने



मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात यूकेजी की छात्रा नैना ने मेरी माँ के बराबर कोई नहीं पर डांस किया। यूकेजी और नर्सरी के बच्चों के द्वारा मेरी माँ पर डांस कर सभी का मन मोह लिया। सभी बच्चों ने जब अपने हाथ से बनाए ग्रीटिंग कार्ड अपनी -अपनी मम्मी को दिए तो सभी बच्चों की मम्मी भावविभोर हो गईं। कार्यक्रम में सभी मम्मियों के लिए भी फन गेम भी रखे गए। बैलून गेम में अनाया और काव्या की मम्मी, चेयर कैप गेम में आदित्य की मम्मी विनर रहीं। मुख्य अतिथि डा सुरभि गुप्ता ने सभी माँ को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान और कैंसर से सचेत रहने की जानकारी दी। इसके बाद काउंसलर रूबी बघेल ने सभी मांओ को बच्चों की सही परवरिश देने के लिए विशेष टिप्स दिए।

# नेतृत्व वही, जो सेवा और संस्कार का मार्ग दिखाए

## सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

**आगरा (एनएनआई)।** सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के




समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने अतिथि परिचय, स्वागत एवं शपथ ग्रहण समारोह की प्रभावी भूमिका प्रस्तुत करते हुए छात्र नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं वर्तमान डी सी पी पूर्वी जोन आगरा अभिषेक अग्रवाल ने शिशु भारती के पदाधिकारी भैया-बहनों को शपथ ग्रहण कराई तथा अपने प्रेरणादायी जीवन संस्मरणों द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व भावना का संचार किया। विद्यालय के प्रबंधक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं संस्कारित नेतृत्व का संदेश दिया तथा मुख्य अतिथि के प्रति प्रभावी शब्दों में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य मुकेश कटारा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित रहे।

# 499 रुपये में प्रतिभागियों को पुरस्कार जीतने का मिलेगा अवसर

- वर्षा प्रॉपर्टी की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन 7 जून को

एनएनआई




**आगरा।** वर्षा प्रॉपर्टी ने अपनी प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता की। कंपनी के निदेशकों और आयोजन टीम ने मीडिया को आगामी आयोजन और प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारी दी। कंपनी की ओर से बताया गया कि ग्राहकों और शहरवासियों के लिए एक विशेष प्रतियोगिता शुरू की गई है, जिसमें मात्र 499 रुपये में प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 70 लाख रुपये का मकान है। इसके अलावा 10 ग्राम स्वर्ण सिक्का, बजाज पल्सर 125 सीसी मोटरसाइकिल, 1.5 टन एयर कंडीशनर, 55 इंच स्मार्ट टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन तथा 5100 और 2100 रुपये के नगद पुरस्कार भी रखे गए हैं। कंपनी ने बताया कि ग्रैंड एंट्री फेस्ट शक्ति कपूर के साथ बड़ा इनाम कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता शक्ति कपूर मुख्य आकर्षण होंगे। यह कार्यक्रम सात जून को सूरसदन, एमजी रोड, आगरा में आयोजित किया जाएगा। कंपनी के निदेशक जितेंद्र सिंह, उपेंद्र चौधरी और अनुभव जैन ने कहा कि वर्षा प्रॉपर्टी ने अपने पहले ही वर्ष में ग्राहकों का विश्वास जीतकर शहर में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित होगी तथा विजेताओं का चयन ऑनलाइन माध्यम से निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा।

